# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलांजखंड, बालाघाट (म.प्र.)

## विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक

**दिनांक: 20/01/2025 समय: 04:०० बजे**

## बैठक के कार्यवृत

आज दिनांक: 20/01/2025, समय: 04:00 बजे माननीय नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड -सह- श्रीमान् अनुविभागीए अधिकारी की अध्यक्षता में सत्र: 2024-2025 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन विद्यालय में सम्माननीय अन्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई | जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए|

(i). श्री अर्पित गुप्ता, एस डी एम, बैहर /नामित अध्यक्ष वि.प्र. समिति पीएम श्री के.वि. मलांजखंड

(ii) श्री नरेन्द्र वैध, शिक्षा विद्द प्राचार्य गवर्मेंट हाई सेकेंडरी स्कूल निक्कुम मलांजखंड

(iii) श्री पी.के सोनकिया, शिक्षा विद्द पूर्व प्राचार्य गवर्नमेंट हाई सेकेंडरी स्कूल मोहगांव

(iv) श्री राकेश देशमुख, अभिभावक सदस्य के.वि. मलांजखंड

(v) श्रीमती लक्ष्मी लंजेवल, अभिभावक सदस्य के.वि. मलांजखंड

(vi) डॉ सुनील सिंह, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर बिरसा

(vii) श्री मेहन्द्र सिंह टेकाम, प्रधानाध्यापक केंद्रीय विद्यालय मलान्ज्खंड

(viii) डॉ. श्री संतोष कुमार प्रसाद , प्राचार्य / सदस्य सचिव, वि.प्र.स. पीएम श्री के.वि. मलांजखंड

(ix) श्री दिनेश बाघमारे , सीएमओ, नगर परिषद् मलान्ज्खंड

(x) श्री पारस सिंह, एसडीओ, पी डब्लू डी, बैहर, बालाघाट

बैठक का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ, तदुपरांत संस्था के प्राचार्य/सचिव डॉ. संतोष कुमार प्रसाद ने सभी गणमान्य समिति सदस्यों का स्वागत किया, तदुपरांत पूर्व बैठक दिनांक **31/07/2024** की समीक्षा आख्या के साथ-साथ विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया | पूर्व बैठक के लगभग सभी बिन्दुओ पर आवश्यक कार्यवाही होने पर सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया तथा उसके उपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची में उल्लेखित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से समिति द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

1. विद्यालय के खेल कूद मैदान में मौजूद चार दिवारी के बाहर से पानी की निकासी बनाने हेतु नगरपालिका परिषद को कार्यवाही हेतु अनुरोध किया जाता है।
2. अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पुस्तकालय हेतु नवीन पुस्तकों की खरीदारी सीबीएसई मापदंड़ो के अनुरूप अतिरिक्त 2000 पुस्तकों हेतु एक लाख रूपये की अनुमानित राशि स्वीकृत की जाती है।
3. केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड को दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण हार्ड स्टेशन घोषित करने की अनुशंसा की गई एवं अग्रेसर कार्यवाही हेतु प्राचार्य से अनुरोध किया गया।
4. स्कूल बस की पार्किंग को व्यवस्थित करने हेतु मुख्य द्वार के पास पानी की निकासी की व्यवस्था करने हेतु नगरपालिका परिषद को अनुरोध किया जाता है।
5. विद्यालय के सामने मौजूद मुख्य सड़क पर छात्रों के हित को देखते हुए गति सीमा को नियंत्रित करने हेतु नगरपालिका परिषद से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड के लिए 4 अतिरिक्त बेरीकेट

उपलब्ध करवाने तथा साथ ही ध्वनी प्रतिबंधित क्षेत्र सड़क मार्ग के दोनों तरफ लगवाने का अनुरोध किया जाता है।

6. विद्यालय के प्रार्थना सभा मंच हेतु फाइबर/SS सीट से मानसून शेड तैयार करने बाबत प्रक्कलित राशि 23.34 लाख 'जिला खनिज मद' (DMF) से यथाशीघ्र स्वीकृत करके कार्य को पूर्ण करने हेतु कटिबद्धता दर्शायी गई।
7. विद्यालय परिसर के लिए सोलर पैनल ग्रिड की आवश्यकता है। बिजली की सप्लाई लगातार बाधित होने पर विद्यालय के अनेक आवश्यक कार्य पूर्ण नहीं हो पाते है, चूँकि वर्तमान में समस्त कार्य ऑनलाइन संचित किये जाते है अत: विद्यालय हेतु सोलर पेनल ग्रिड का इंस्टालेशन अति आवश्यक है। पूर्व के आकलन के अनुसार इसकी अनुमानित लागत रूपये तेरह लाख मात्र थी। वर्त्तमान समय में पुनः आकलन कर अनुमानित व्यय राशि प्रस्तुत करने हेतु सम्बंधित विभाग को अनुरोध किया जाना सुनिश्चित किया गया।
8. पीएम श्री **BaLA** योजना के तहद बाल उद्यान का विकास किया जा रहा है उस पर संतोष व्यक्त किया गया।
9. पूर्ण बहुमत से कर्मचारयों के लिए 8 नए टाइप III, (2 ब्लाक) आवास बनाने तथा उच्च स्तरीय कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई।
10. खेलकूद मैदान में कारपेट घास लगवाने के लिए उद्यान विभाग मध्य प्रदेश सरकार से प्रक्कलित राशि प्राप्त कर कार्य को पूर्ण करने की अनुशंसा प्रदान की गई।
11. अगले सत्र के लिए वी.एम.सी (VMC) का पुनर्गठन केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुमोदित किया गया।
12. केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार एल.पी.सी (LPC) का पुनर्गठन आगामी कार्यवाही हेतु अनुमोदित किया गया।
13. केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमनुसार वी.ई.सी (VEC) का पुनर्गठन आगामी कार्यवाही हेतु अनुमोदित किया गया।
14. केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमनुसार PTA का पुनर्गठन आगामी कार्यवाही हेतु अनुमोदित किया गया।
15. संविदा आधार पर कर्मियों की भर्ती के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन देने की स्वीकृति प्रदान की गई एवं 12 व 13 फरवरी को साक्षात्कार आयोजित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।
16. सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी एवं माली से सम्बधित नवीन Bid प्रक्रिया हेतु स्वीकृति दी गई साथ ही प्राचार्य महोदय द्वारा इस संबंध में हाल ही में छपी अप्रिय समाचार पर स्पष्टीकरण देते हुए वि.प्र.स. के सदस्यों को यथार्थ विषयवस्तु से अवगत कराया जिस पर सभी ने संतोष व्यक्त किया।
17. विद्यालय के VEC से सदस्यों को मौजूदगी में कार्यालीन कार्यवाही करते हुए 2010 से पूर्व से सभी दस्तावेजों को सूचीबद्ध करते हुए निस्तारण करना सुनुश्चित करने का निर्णय लिया गया साथ ही 2010 के उपरांत के अनुपयोगी दस्तावेजों को इसी प्रकार निस्तारित करने की अनुमति दी गई।
18. बोर्ड की कक्षाओं के बेहतर परिणाम (100%) लाने के लिए विद्यालय स्तर पर किये जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण परिणाम हेतु निर्देश दिया गया।
19. सत्र 2024-25 में विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत अतिरिक्त अनुपूरक बजट हेतु अनुमोदित किया गया।
20. 2025-26 के लिए VVN का बजट आवंटन हेतु अनुमोदित किया गया।

(डॉ. संतोष कु. प्रसाद)
प्राचार्य/ सचिव
PRINCIPAL
पीएम श्री के.वि. मलांजखंड
PM SHRI KV Malanjkhand

**प्रतिहस्ताक्षरित**

(श्री अर्पित गुप्ता, एस.डी.एम. बैहर)
नामित अध्यक्ष वि.प्र.स. पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड
अध्यक्ष
वि.प्र.स.पीएम श्री के.वि.मलांजखंड
VMC PM SHRI KV Malanjkhand